# सैम्पल पेपर कक्षा – III

## हिन्दी व्याकरण

1. भाषा की आधार भूत इकाई............................ है।

(a) वर्ण (b) लिपि (c) ध्वनि (d) कोई भी नहीं

2. हिन्दी में मूल रूप से कितने स्वर हैं?

(a) ग्यारह (b) बारह (c) तेरह (d) चौदह

3. ध्वनि, वर्ण एवं मात्राओं की व्यवस्था को ...................... कहते हैं?

(a) व्यंजन (b) स्वर (c) संयुक्त व्यंजन (d) वर्तनी

4. नीचे दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का शब्द है–

(a) सिद्‌वार्थ (b) सिद्धार्थ (c) सिद्‌दार्थ (d) सिद्धाकी

5. अलग–अलग स्थानों पर किसके अर्थ अलग–अलग हो जाते हैं?

(a) क्रिया के (b) भाषा के (c) लिपि के (d) सर्वनाम के

6. सोहन ............................ भाई है।

(a) अपनी (b) मेरी (c) मेरा (d) छोटी

7. जिस शब्द से एक का बोध हो उसे ........................ कहते हैं।

(a) एकवचन (b) बहुवचन (c) द्विवचन (d) कोई भी नहीं

8. नीचे दिए गए वाक्य में विशेषण शब्द है–

यह मीठा नींबू है।

(a) यह (b) मीठा (c) नींबू (d) है

9. नीचे दिए गए वाक्य में क्रिया शब्द है–

बढ़ई मेज बना रहा है।

(a) बढ़ई (b) मेज (c) बना (d) रहा है

10. सूरज का पर्यायवाची है–

(a) नर (b) नंदलाल (c) विटप (d) दिनकर

Laureate Khoj 2022-23